बरेली, गुरुवार
2 जुलाई 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16+4=22

दैनिक जागरण

PAGE NO, 111, MIDDLE

## शहर की गतिविधियां



वेलनेस सेंटर अस्तित्व का आरंभ करते चेयरमैन देवमूर्ति • सौ एसआरएमएस

# ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए वेलनेस सेंटर 'अस्तित्व' का आरंभ

**बरेली :** एसआरएमएस मेडिकल कालेज की 24वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में बुधवार से चार दिवसीय युवा स्वास्थ्य मेला आरंभ हुआ। एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक एवं चेयरमैन देव मूर्ति ने स्वास्थ्य मेले का उद्घाटन किया और ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए विशेष वेलनेस सेंटर 'अस्तित्व' के आरंभ होने की घोषणा की। डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन आदित्य मूर्ति ने कहा कि स्वास्थ्य मेले में युवाओं की बीपी, ब्लड शुगर, हीमोग्लोबिन, ईसीजी, स्पाइरोमेट्री सहित कई जांच की जाएंगी। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने लाइफ स्टाइल संबंधी बीमारियों से बचाव का संदेश के साथ स्वस्थ रहने के लिए नियमित जांच की सलाह दी। इस अवसर पर देविशा मूर्ति, मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल डा. एमएस बुटोला, डा. रोहित शर्मा, डा. आरपी सिंह, डा. सीएम चतुर्वेदी, डा. बिंदु गर्ग रहे। -वि.